प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- जीएसटी परिषद की बैठक आज जैसलमेर में – केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता मे होने वाली बैठक में कई अहम फैसलो की उम्मीद।
- जयपुर गैस टैंकर हादसे में मरने वालों की संख्या बढकर 14 हुई–घटना की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित।
- उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे है।
- प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मामूली बढोतरी –विभिन्न स्थानों पर कोहरे से यातायात प्रभावित।

......................

**वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद** की 55वीं बैठक आज जैसलमेर में होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इसमें जीएसटी से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में गोवा, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, मेघालय और ओडिशा के मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। इसके अलावा, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के उप–मुख्यमंत्री तथा कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्तमंत्री भी भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि दो सत्रों में चलने वाली इस बैठक में जीएसटी स्लेब में बदलाव के साथ कई अहम फैसलो की उम्मीद की जा रही है।

......................

जयपुर गैस टैंकर हादसे में मरने वालों की संख्या बढकर 14 हो गई है। इनमें 13 की मौत एसएमएस अस्पताल और एक ही जयपुरिया अस्पताल में हुई। घटना की जांच के लिए जयपुर जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी ने संयुक्त जांच समिति का गठन किया है। ये कमेटी घटना के सभी पहलुओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।
गौरतलब है कि ये दर्दनाक घटना कल सुबह भांकरोटा क्षेत्र में जयपुर–अजमेर हाइवे पर हुई। हादसे में घायलों का एसएमएस अस्पताल में ईलाज किया जा रहा है। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर सुशील भाटी ने बताया कि छह मरीज अभी वेंटिलेटर पर हैं। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि एलपीजी टैंकर में हुआ धमाके और आगजनी की चपेट में आने से 40 वाहन जलकर नष्ट हो गए। हाईवे के किनारे एक पाइप फैक्ट्री भी जल गई। धमाके के बाद गैस फैलने से रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी परेशानी का सामना करना पडा। घटना के बाद एहतियातन दिनभर पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति ठप रही।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों के ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर इन्हें जल्द सुधारा जाये, जिससे दुर्घटनाओं से होने वाले जान–माल के नुकसान को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 2 हजार 350 करोड़ की लागत से ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने का काम किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में एनएचएआई की ओर से 40 ब्लैक

स्पॉट चिन्हित कर 812 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से इन्हें दुरूस्त किया जा रहा है, जिनमें से 13 काम पूरे हो चुके है।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल नीमराना में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि नीमराना और घीलोठ राज्य की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ इंजन साबित हो रहे है। देश के पहले जापानी जोन नीमराना में 51 जापानी कम्पनियां हैं। जिनके माध्यम से करीब 27 हजार से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो में 7 जापानी कम्पनियों और जेट्रो ने जापान पैवेलियन में हिस्सेदारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीमराना और घीलोठ में करीब 150 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्य जल्द शुरू होंगे।

......................

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे है। इसके लिए राज्य की ओर से दिये गये विशेष बजट के अलावा केन्द्र सरकार को भी कई प्रस्ताव भेजे गए है। उप मुख्यमंत्री ने कल जैसलमेर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि तनोट, पुष्कर और खाटूश्याम मंदिर सहित धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे।

......................

पर्यटन के साथ सांस्कृतिक विरासत से लोगों को जोडने के लिए विभिन्न महोत्सव आयोजित किये जा रहे है।

......................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज शाम उदयपुर में शिल्पग्राम महोत्सव का आगाज करेंगे। समारोह में प्रसिद्ध भवाई लोक नृतक डॉ. रूप सिंह शेखावत और कठपूतली कलाकार गणपत सखाराम मसग को डॉ. कोमल कोठारी लाईफटाइम अचीवमेन्ट पुरस्कार दिया जायेगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से हो रहा ये उत्सव 30 दिसम्बर तक चलेगा।

......................

उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित होगा। **राज्यपाल श्री बागडे समारोह** में एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को दीक्षा प्रदान करेंगे। श्री बागडे विभिन्न संकायों के 42 विद्यार्थियों को पदक वितरित करेंगे।

......................

रत्न और आभूषण उद्योग का राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है जो राजस्थान की जीडीपी का 17 प्रतिशत है। रत्न उद्योग की समृद्ध विरासत को बनाये रखने और आगे बढाने के लिए जयपुर में दुनिया का सबसे बडा जेम बोर्स स्थापित किया जाना चाहिए।

ये बात उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने जयपुर ज्वैलरी शो के उद्‌घाटन के अवसर पर कही। श्री राठौड़ ने जयपुर एयरपोर्ट के पास 100 एकड़ की जगह पर दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर कन्वेंशन सुविधा विकसित करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने घरेलू अवसरों के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर भी ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। नेशनल जेम्स एंड ज्वैलरी काउंसिल ऑफ इंडिया (एनजीजेसीआई) के चेयरमैन प्रमोद डेरेवाला ने जयपुर के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जयपुर में दो स्पेशल इकोनॉमिक जोन्स (सेज), एक एक्सपोर्ट प्रमोशन इंडस्ट्रीयल पार्क (ईपीआईपी), जेम्स एंड ज्वेलरी इंस्टीट्यूट, ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और वर्ल्ड क्लास लेबोरेटरी तथा जेम बोर्स स्थापित किए जा रहे हैं।

.....................

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर बादल छाये रहे। इससे ज्यादातर शहरों में तापमान में बढोतरी दर्ज की गई। हालांकि बादलो से दिन के पारे में हल्की गिरावट आई और सर्द हवाओं ने ठण्ड का एहसास बढाया। चार डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ माउंट आबू सबसे ठण्डा रहा। इसके अलावा सिरोही में 5 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। बारां भरतपुर भीलवाडा और हनुमानगढ सहित कई स्थानों पर कोहरा छाया हुआ है। चूरू में तेज सर्दी का दौर जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज कोहरा छाया हुआ है इससे यातायात पर असर पड रहा है।

.....................